# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 25.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा,हिन्दुस्तान,अमर उजाला,जनसंदेश टाइम्स," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 25.08.2024

# नवंबर में होगा पहले चरण का ट्रायल

## भारत माता मंदिर और रथयात्रा रोपवे स्टेशन का सिविल कार्य हो गया पूरा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : देश के पहले अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे प्रोजेक्ट का ट्रायल रन नवंबर में होगा। इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। स्विट्जरलैंड से आठ किमी रोप की आमद हो चुकी है। पहले चरण की परियोजना के लिए यह संपूर्ण खेप है। इस चरण में तीन स्टेशन स्वीकृत हैं, जिनमें कैंट, भारत माता मंदिर और रथयात्रा शामिल हैं। भारत माता मंदिर और रथयात्रा का सिविल कार्य (स्ट्रक्चर बिल्डिंग) शत प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

बिल्डिंग का रंगरोगन, पत्थर लगाना और वायरिंग समेत कई दूसरे कार्य शुरू किए जा चुके हैं। कैंट स्टेशन के निर्माण में 50 प्रतिशत प्रगति है। अगले महीने अधूरे,कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय हुआ है। पहले फेज में स्टेशन और टावरों में 50 से अधिक बैट्री रोलर (चकरी) का प्रयोग होगा, सितंबर में इनकी आमद होगी क्योंकि रोप इसी मशीन के सहारे घूमेगा। कैंट से रथयात्रा तक सात टावर लगाए जा चुके हैं, दो टावर अगले माह लग जाएंगे। स्विट्जरलैंड की कंपनी बार्थोलेट 36 मीटर लंबे टावर स्थापित कर रही है।

वर्तमान समय में सात मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला (केबल कार) की आमद हो चुकी है जबकि 11 गोंडोला स्विट्जरलैंड से लाए जा रहे हैं। यह अगले महीने बनारस आ जाएंगे। करीब 148 गोंडोला से यात्रियों को सुविधा दी जाएगी।



काशी विद्यापीठ में चल रहा रोपवे का कार्य • जागरण



रथयात्रा पर चल रहा रोपवे का कार्य • जागरण

**रोपवे परियोजना की खास बातें**

• 809 करोड़ लागत • 3.75 किमी रोपवे नेटवर्क • 5 रोपवे स्टेशन बनेंगे • 29 टावर स्थापित होंगे • 148 गोंडोला का इस्तेमाल • 6 मीटर प्रति सेकेंड औसत गति • 10 यात्री एक बार में सफर करेंगे • 16 घंटे तक उपलब्ध होगी सुविधा

बता दें कि 3.75 किमी प्रोजेक्ट में कुल पांच रोपवे स्टेशन प्रस्तावित हैं। 15 नवंबर को देव दीपावली पर कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। दूसरे चरण में गिरिजाघर व गोदौलिया स्टेशन बनेगा, जिनमें गिरिजाघर स्टेशन निर्माण के लिए पाइलिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। रोपवे का कार्य पूरा हो जाने पर आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।

**50** प्रतिशत प्रगति हो चुकी है कैंट स्टेशन के निर्माण में

- आठ किमी रोप आया, सितंबर से लगेंगे बैट्री रोलर, रंगरोगन, पत्थर और वायरिंग कार्य ने पकड़ी गति,
- कैंट से रथयात्रा तक सात टावर लगे, सात गोंडोला पहुंचे जबकि 11 आएंगे अगले महीने

### हर घंटे तीन हजार लोग करेंगे सफर

हर तीसरे मिनट पर गोंडोला यात्रियों को उपलब्ध रहेगा। रोपवे से प्रति घंटे तीन हजार लोगों को सफर कराया जाएगा। योजना का मकसद शहर में ट्रैफिक को कम करना है। सड़कों पर दौड़ते वाहनों की संख्या घटाकर लोगों को हवाई सफर कराना है। बोलिविया देश के लापाज, मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे सुविधा होगी। दोनों चरण के कार्य पूरे होने पर गोदौलिया से कैंट रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में करीब 16 मिनट लगेंगे। एक गोंडोला में 10 यात्री सवार होंगे। संचालन 16 घंटे होगा।

दैनिक जागरण –दि0 25.08.2024

# आपके द्वार आपकी सेवा वीडीए का सराहनीय प्रयास : दयालु

जागरण संवाददाता, वाराणसी : आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि वाराणसी विकास प्राधिकरण ने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के दौरान वीडीए ने सेवा सप्ताह का आयोजन आपके द्वार, आपकी सेवा का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने काशी की महत्ता को बताते हुए लोगों को इसकी गरिमा बढ़ाने की अपील की।

डा दयालु शनिवार को सेवा सप्ताह के दूसरे दिन संजय गांधी आवासीय योजना पार्क में लगे कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्क में पौधारोपण किया। अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ने वीडीए की उपलब्धियों, योजनाओं एवं कैंप के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा




विकास प्राधिकरण द्वारा लगाए गए कैंप में बोलते मंत्री दयाशंकर मिश्र ● जागरण

कि वीडीए सुनियोजित, सुव्यवस्थित विकास के लिए सतत प्रयासरत है। इस दौरान भवन एवं मानचित्र अनुभाग ने तीन मानचित्र स्वीकृत किया। संपत्ति अनुभाग ने दो नामांतरण की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, नगर नियोजक प्रभात, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सौरभ देव प्रजापति, शिवाजी, गौरव राठी आदि रहे।

## हिन्दुस्तान –दि0 25.08.2024

# वीडीए में आने से डरते हैं लोग : डॉ. दयाशंकर मिश्र



संजय गांधी नगर में पौधे वितरित करते राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'।

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए में आने से लोग डरते हैं। लोगों का यह डर दूर करने के लिए वीडीए प्रशासन को बेहतर प्रयास करना चाहिए। 'सरकार आपके द्वार, आपके सेवा हेतु उपस्थित है' की पहल से बड़ा संख्या में समस्याओं का निस्तारण होगा।

ये बातें आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने शनिवार को कहीं। वह वीडीए के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को संजय गांधी आवासीय योजना पार्क में आयोजित सेवा सप्ताह कैंप में बोल रहे थे। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने कैम्प की जानकारी दी। सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा कि वीडीए सुनियोजित और सुदृढ़ विकास के लिए प्रयासरत है। इसके पूर्व मंत्री ने पार्क में पौधरोपण किया। महिलाओं को पौधे वितरित किए । पार्क में लगे कैंप में आसंपत्ति अनुभाग ने एकता साहू और श्वेता साहू को सम्पत्ति का कब्जा पत्र तथा अजय कुमार मिश्रा को हस्तानान्तरण की अनुमति, नीलम देवी को नामांतरण की स्वीकृति प्रदान की। 46 नोटिस प्रकरणों की सुनवाई हुई।

## अमर उजाला –दि0 25.08.2024

# कैंप में 370 लोग पहुंचे, 46 नोटिस की सुनवाई

वाराणसी। विकास प्राधिकरण सेवा सप्ताह के दूसरे दिन संजय गांधी आवासीय योजना पार्क चौकाघाट में लगे कैंप में राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया। इस दौरान तीन शमन मानचित्र स्वीकृत हुए। कैंप में 46 नोटिस पर सुनवाई में पांच शमन मानचित्र भी दाखिल किए गए। पहले से दाखिल 14 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार और भू स्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण किया गया। कैंप में कुल 370 लोगों ने प्रतिभाग किया।

वीडीए के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। राज्यमंत्री ने पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कहा कि सरकार आपके द्वार, आपके सेवा के लिए तत्पर हैं। कार्यक्रम में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने वीडीए की उपलब्धियों के बारे में बताया। सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना ही प्राधिकरण का उद्देश्य है। इसमें योजनाबद्ध तरीके से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है। ब्यूरो



कैंप में मौजूद राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु। स्रोत-वीडीए

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स –दि0 25.08.2024

# शहर की मौलिकता से न हो छेड़छाड़

### वीडीए के स्वर्ण जयंती पर मां के नाम लगाया पौधा, पर्यावरण के प्रति महिलाओं को पौधा वितरित कर किया जागरूक

**बोले दयाशंकर दयालु**

**काशी को संरक्षित रख वीडीए विकास की जिम्मेदारी का करे बखूबी निर्वाह**

जनसंदेश न्यूज




वाराणसी। काशी के मौलिकता से छेड़छाड़ न कर उसे संरक्षित रख वीडीए शहर के विकास की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह करें। विभाग को अत्याधिकता का जहां ध्यान रखना चाहिए ,वहीं जनता की समस्या का त्वरित निस्तारण के लिए हमेशा तत्पर भी रहना होगा। तभी विभाग का जनता के बीच की दुविधा मिटेगी और आपके द्वार-समस्या का निदान कार्यक्रम सार्थक साबित होगा। यह बात वीडीए की ओर से स्वर्ण जयंति के अवसर पर सेवा सप्ताह के तहत शनिवार को संजय नगर कालोनी में आयोजित आपके द्वार-समस्या का निदान कैंप में मुख्य अतिथि आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु ने कही।

उन्होंने आदिशंकराचार्य, गौतम बुद्ध और जैन गुरुओं के काशी से आत्मिय लगाव को बताते हुए कहा कि दुनिया की सबसे प्राचीन ज्ञान, अध्यात्म और वैराग की नगरी काशी के विकास में वीडीए का 50 वर्ष का कार्यकाल जहां सराहनीय है ,वहीं इसे और अधिक बेहतर बनाने की जरूरत भी है।

कार्यक्रम में अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा ने वी.डी.ए. के किये गये कार्यों पर जहां प्रकाश डाला ,वहीं उसकी उपलब्धियों, योजनाओं और आयोजित कैम्प के बारे में संपूर्ण जानकारी दी।

सचीव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि विभाग की सार्थकता और प्राथमिकता तभी है जब आप अपनी समस्या बतावे और उसका त्वरित समाधान हम करा सके। उन्होंने कहा कि विभाग सुनियोजित, सुव्यवस्थित और सुदृढ़ विकास हेतु सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर कैम्प में मानचित्र अनुभाग में तीन लोगों का शमन मानचित्र स्वीकृत हुआ और संम्पति अनुभाग द्वारा दो लाभार्थियों को संम्पति कब्जा पत्र हस्तानातरण किया गया। इस अवसर पर 46 नोटिस प्रकरणों की सुनवाई की गयी जबकि पांच शमन मानचित्र दाखिल कराये गये एवं14 मानचित्र की ड्राइंग सुधार तथा भुस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया। कैम्प में कुल 370 लोगों ने प्रतिभाग किया।

इसके पूर्व मुख्यअतिथि ने मां के नाम एक पौधा लगाया और महिलाओं को पौध वितरण कर इसके प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को जहां पुष्प गुच्छ देकर स्वागत हुआ,वहीं स्मृति चिंह देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में संयुक्त सचिव परमानन्द यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, जोनल अधिकारी(जोन-3) सौरभ देव प्रजापति, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 25.08.2024

# सेवा सप्ताह के दूसरे दिन तीन मानचित्र स्वीकृत

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण की तरफ से सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शनिवार को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस को संजय गांधी आवासीय योजना पार्क में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त

**मुख्य अतिथि दयाशंकर मिश्र 'दयालु', आयुषं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने लोगों को बांटे पौधे, किया पौधरोपण**

शिकायतों का निस्तारण किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि दयाशंकर मिश्र 'दयालु', आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने पार्क में पौधा रोपण किया तथा उपस्थित महिलाओं को पौधा रोपण के लिए पौधे वितरित किये। आयोजित कैम्प में उपस्थित मंत्री को सचिव वीडीए द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर स्वागत किया गया। मंत्री ने वीडीए के इस पहल की सराहना करते हुए



कहा की सरकार आपके द्वार, आपके सेवा के लिए उपस्थित है। इसके अतिरिक्त उन्होंने काशी के महत्ता को बताते हुए गौतम बुद्ध, आदिसंकराचार्य व जैन गुरुओं के नाम काशी से किस प्रकार जुड़े है के बारे में लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम में अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा द्वारा वीडीए की उपलब्धियों, योजनाओं एवं कैम्प के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गयी। सचीव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा बताया कि वीडीए वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास के लिए प्रयासरत हैं। कैम्प अवधि में 03 शमन मानिचत्र स्वीकृत किया गया। संपत्ति अनुभाग द्वारा कुल 02 लाभार्थियों को कब्जा पत्र दिया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कैम्प में 46 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की गई एवं 05 शमन मानिचत्र दाखिल कराये गये एवं पहले से दाखिल 14 शमन मानिचत्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया, कैम्प में कुल 370 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। संयुक्त सचिव परमानन्द यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, जोनल अधिकारी (जोन-3) सौरभ देव प्रजापति, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा व वीडीए टीम उपस्थित रहे।